[Reg. No. 141/98-99] Tel. 9798242235

(विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से संबद्ध)

लोक शिक्षा समिति, बिहार

एम्बैसडर पैलेस, कलमबाग चौक, मुजफ्फरपुर-842002

E-mail- lokshiksha@gmail.com website- lokshikshasamiti.org

सादर वन्दे,

अत्यंत हर्ष के साथ सूचित करना है कि नवीन, कार्यरत आचार्य एवं सेवा स्थायित्व के प्रांतीय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग दिनांक–24.05.2026 पूर्वाह्न 11:00 बजे से 12.06.2026 तक आयोजित है। जिसमें आप सभी बंधू/भगिनी प्रांतीय प्रशिक्षण वर्ग में अनिवार्य रूप से सम्मिलित हो, ऐसी आपसे अपेक्षा है।

1. प्रशिक्षण वर्ग दिनांक–24.05.2026 के पूर्वाह्न से प्रारंभ होकर दिनांक–12.06.2026 के पूर्वाह्न तक चलेगा।

2. **वेश– पुरुष आचार्य** : – आसमानी एवं सफेद रंग का कुर्ता, सफेद पायजामा या धोती एवं शारीरिक हेतु कपड़े का सफेद जूता–मोजा।
   शारीरिक वेश पुरुष : – शारीरिक वेश प्रशिक्षण स्थल पर उपलब्ध होगा, प्रति प्रतिभागी 500/– रु का भुगतान कर प्राप्त कर सकते है।
   वेश– महिला आचार्य : – लाल बॉर्डर की सफेद साड़ी, लाल ब्लाऊज, पूरी बाँह वाली कॉलर बंद।
   शारीरिक वेश महिला : – सफेद रंग की सलवार सूट, केसरिया रंग का दुपट्टा, कपड़े का सफेद जूता–मोजा।
3. **अन्य सामग्री** – मौसम के अनुकूल ओढ़ने–बिछाने की सामग्री, मच्छरदानी, टॉर्च, दो रूलदार कॉपी, लेखनी, थाली, कटोरी एवं ग्लास साथ लावें। इसके अतिरिक्त दैनिक उपयोग की सामग्री साथ लावें। अपने विषय का एक पाठ किस तरह पढाऐंगें, विस्तृत पाठ योजना विवरण सहित लिखकर साथ लावें। यदि कोई औषधि आपके लिए अनिवार्य है, तो साथ लावें। औषधि एवं पथ्य परहेज की सामग्री साथ लेकर आवें।
4. महिलाओं के लिए अलग से आवास की व्यवस्था है। परंतु किसी भी स्थिति में बच्चों को लाने की छूट नहीं है। ऐसा करने पर प्रशिक्षण स्थल से वापस कर दिया जाएगा। यह अनिवार्य है।
   नोटः– कोई भी कीमती सामान, आभूषण, महँगी मोबाइल, महँगी घड़ी इत्यादि प्रशिक्षण स्थल पर वर्जित है।
5. प्रशिक्षण वर्ग का जीवन सादा, परिश्रम पूर्ण एवं कठोर दिनचर्या पर आधारित है। अतः विशेष सुविधा की अपेक्षा ना रखें। आपके कारण प्रशिक्षण वर्ग की दिनचर्या में किसी भी तरह का व्यवधान होने पर अथवा दिनचर्या का अनुपालन सम्यक् रूपेण नहीं करने पर किसी भी समय आपको वर्ग से वापस किया जा सकता है।
6. प्रशिक्षण अवधि में किसी प्रकार का अवकाश नहीं मिलेगा। बीच में प्रशिक्षण छोड़ने वाले की नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण नहीं मानी जाएगी। उनका शुल्क भी वापस नहीं होगा।
7. प्रशिक्षण वर्ग का शुल्क– **रुपये 5000**/– रुपये प्रति प्रतिभागी है। शुल्क एवं मार्गव्यय प्रशिक्षणार्थी को स्वयं वहन करना है।
8. प्रशिक्षण में यह पत्र लेकर आना अनिवार्य है।
9. विशेष स्थान पर नियुक्ति की इच्छा रखने वाले प्रशिक्षण वर्ग में न आवें।
10. प्रशिक्षण स्थल – आचार्य प्रशिक्षण महाविद्यालय, विष्णुपुर, वघनगरी, मुजफ्फरपुर।

सम्पर्क सूत्र 1. श्री राजेश कुमार रंजन (विभाग निरीक्षक, मुजफ्फरपुर विभाग)–चलभाष संख्या–7209495321
2. श्री मुकेश कुमार साह (प्रधानाचार्य, शिवालय सरस्वती शिशु मंदिर, विष्णुपुर, बघनगरी)–चलभाष सं0–9534707543

भवदीय

(रामलाल सिंह)
प्रदेश सचिव